## महत्वपूर्ण एवं खास

### दीपावली : त्योहारी ग्राहकी से राजधानी के बाजार हुए गुलजार



रायपुर (आरएनएस)। दीपोत्सव के लिए महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। राजधानी के बाजारों में दीपावली पर्व की खुमारी देखने लायक है। शहर के बाजारों में पूजन सामग्रियों के साथ ही सजावटी सामान, रंगोली, झालर आदि की डिमांड काफी बढ़ गई है।

### फर्जी दामाद बनकर नौकरी, परिजनों ने की शिकायत

कोरबा (आरएनएस)। कुचैना बस्ती के कोर बिहाराम ने एसईसीएल बलगी परियोजना में एक कर्मचारी के खिलाफ फर्जी दामाद बनकर नौकरी करने की शिकायत एसईसीएल के सीएमडी, एसपी व कलेक्टर से की है।

उसका कहना है कि जेठूराम पिता कोरबिहा के नाम से बलगी में कार्यरत हैं। उसके पिता का नाम हरिराम है, उसने कोरबिहा को अपना पिता बनाकर या उसका दामाद बनकर फर्जी ढंग से कागजात तैयार किया। कोरबिहा का यह भी कहना है कि वह पहले एसईसीएल सुराकछार में लोडर के पद पर में कार्यरत था। गंभीर बीमारी के कारण नौकरी नहीं कर पाया। जेठूराम ने इसी का फायदा उठाकर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर नौकरी को हथिया लिया। लेकिन अब तक कार्रवाई भी नहीं हुई। उसने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। युवती के घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 260/18 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### 1 लाख 31 हजार गरीब परिवारों को नहीं मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ

जगदलपुर (आरएनएस)। केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना तो लागू कर दी गई है लेकिन इस योजना का लाभ जिले के 1 लाख 31 हजार परिवारों को नहीं मिल पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में गरीब परिवारों के लिए लागू की गई आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली 5 लाख रूपए तक की चिकित्सा की सुविधा फिलहाल नहीं मिल पा रही है। इसका सबसे बड़ा विरोध आईएमए के द्वारा किया जा रहा है। वहीं हितग्राही अपना स्मार्टकार्ड लेकर निजी अस्पतालों में जा जरूर रहे हैं लेकिन उन्हें वहां बिना इलाज के ही लौटना पड़ रहा है और शासकीय अस्पताल में ही इलाज कराने की विवशता हो गई है।

### दिया तले अंधेरा 900 आंबा केंद्रों में शौचालय ही नहीं

जगदलपुर (आरएनएस)। पूरे देश में स्वच्छता का अभियान चल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों के गांव में सैकड़ों शौचालयों का निर्माण हो रहा है वहीं जिले के 911 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जहां आधारभुत सुविधा शौचालय ही नहीं है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में किस प्रकार से कार्य होता होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार शौचालय विहिन होने से इनमें कार्यरत् आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं, आने वाले बच्चों व गर्भवती माताओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### महिला नौकर दिलाने के नाम पर चार हजार रूपये की धोखाधड़ी

रायपुर (आरएनएस)। घरेलु काम के लिये नौकर दिलाने के नाम पर 4 हजार रुपये अपने खाते में जमा कराने के बाद उपलब्ध नहीं कराने पर एक्सिस बैंक में कार्यरत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पुलिस ने दर्ज किया है।

### चुनाव बाद होगी मंडल की परीक्षा तिथियों की घोषणा

जगदलपुर (आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 2018-19 के लिए फिलहाल अभी वार्षिक परीक्षाओं की तिथी की घोषणा नहीं की जा रही है। इस संबंध में माध्यमि शिक्षा मंडल के सूत्रों ने बताया कि चुनाव परिणामों की जानकारी होने के बाद ही इन परीक्षाओं की तिथी घोषित होगी। जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा द्वारा परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा इस लिए अभी नहीं की जा रही है कि सामने विधानसभा चुनाव है और परिणाम घोषित होने के बाद ही परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जायेगा।

### एक परिवार के 4 सदस्यों ने खाया जहर, पति- पत्नी की मौत ,2 बच्चों की हालत गंभीर

भोपाल। ओबैदुल्लागंज में एक परिवार के 4 सदस्यों ने कथित तौर पर जहर खाया जिसके बाद पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि 2 बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीजापुर में शहीद हुए जवानों को माना कैंप में दी गई सलामी, नम आंखों से भेजा गया उनके गृहग्राम

रायपुर (आरएनएस)। बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों को रायपुर के माना कैम्प डीजीपी एएन उपाध्यय, स्पेशल डीजी एन्टी नक्सल आपरेशन समेत सीआरपीएफ और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने अंतिम सलामी दी। गृह सचिव अमिताभ जैन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम रवाना कर दिया गया है।

इस मौके पर स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन डीएम अवस्थी का ने कहा कि धुर नक्सल इलाके में आने वाले बीजापुर सबसे संवेदनशील इलाका है। जिसके बासागुड़ा उसके के पास यह घटना हुई है, इस घटना को चुनाव से जोड़कर न देखें इस इलाके में



लगातार नक्सली हमला होता रहता है। इस हमले से किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई और ना ही इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। उन्होंने कहा कि नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए गए स्थान को पता करना बड़ा मुश्किल हो जाता है कि किस जगह पर इसे लगाया गया है। जबकि नक्सलियों ने इस घटना को सीआरपीएफशिविर से 800 मीटर की दूरी पर अंजाम दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह ब्लास्ट उस वक्त हुआ जब जवान जिला मुख्यालय से रोड ओपनिंग पार्टी कर जवान का इलाज करवा कर वापस लौट रहे थे। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं हुई है।

चुनाव के मद्देनजर नक्सल इलाके में 500 से ज्यादा कंपनियों के 45 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। इलाकों में वीआईपी के दौरे होने है, दौरे को लेकर यहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

बता दें कि बीजापुर के आवापल्ली थाने के मुरदंडा में नक्सलियों ने रोड ओपनिंग कर लौट रहे सीआरपीएफके जवानों पर ब्लास्ट कर दिया था जिसमें 4 जवान शहीद हो गए थे, जबकि दो जवान गंभीर रुप से घायल हो गए थे। शहीदों में एक एएसआई एक हेड कॉन्स्टेबल और 2 कॉन्स्टेबल शामिल थे। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में पश्चिम बंगाल के एएसआई मीर माथुर रहमान, ओडिशा के हेड कॉन्स्टेबल बरजा मोहन बेहरा, आंध्र प्रदेश से कॉन्स्टेबल गुलिपल्ली श्रीनू शामिल है।

## संपूर्ण साक्षरता मिशन में ई-एजुकेटर पद पर भर्ती का भंडाफोड़

### चुनाव आचार संहिता में मिशन में फर्जीवाड़े का खेल

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। संपूर्ण साक्षरता मिशन में ई-एजूकेटर के दो रिक्त पदों पर बेक डोर से गुपचुप तरीके से परीक्षा आयोजित कर भर्ती किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार की सुबह 11 बजे इसके लिए बाकायदा साक्षरता मिशन के कार्यालय में अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जा रही थी। अफ्सर एक ओर कह रहे थे कि भर्ती नहीं है, वहीं दूसरी ओर परीक्षा का आयोजन कर चयन किया जा रहा था। दिलचस्प बात यह है कि इन दिनों चुनाव आचार संहिता लगा हुआ है वहीं अफ्सर खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए गए। इसके लिए कुछ लोगों द्वारा कार्यालय में हंगामा किया गया। इसके बाद अफ्सर चुपके से दफ्तर से नदारद हो गए। ऐसे में संपूर्ण साक्षरता मिशन के कार्यप्रणाली पर लोग सवाल खड़े कर रहे है।





संपूर्ण साक्षरता मिशन के जिला परियोजना अधिकारी संतोष कश्यप के मुताबिक दो दिन पहले उनके राज्य कार्यालय से पत्र आया था कि उन्हें चांपा एवं जांजगीर केंद्र में ई-एजूकेटर के दो रिक्त पदों पर दो लोगों का नाम चयन कर राज्य कार्यालय में नाम भेजना है। आदेश को अमल करते हुए संतोष कश्यप अपने -अपने लोगों को टेलीफोन से कॉल कर साक्षरता मिशन के जिला कार्यालय बुलाकर उनकी परीक्षा ले रहे थे। उनका कहना था कि दो लोगों को यहां बुलाया गया था, लेकिन दो के बजाए 11 लोग यहां परीक्षा दिलाने आ गए इसलिए सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा आयोजित कर उन्हें परीक्षा में बिठा दिया गया।

## थाली में 10 हजार के सिक्के लेकर नामांकन फार्म खरीदने पहुंचा प्रत्याशी

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उस वक्त सकते में आ गए जब नामांकन फार्म खरीदने के लिए एक उम्मीदवार थाली में 10 हजार के सिक्के लेकर पहुंचा। सिक्कों को गिनने में अधिकारी- कर्मचारियों को करीब 2 घंटे लगे, जिसके बाद संबंधित उम्मीदवार के नामांकन फार्म के लिए रसीद काटी गई।

उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन चंद्रपुर विधानसभा सीट के लिए विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव एवं उनकी पत्नी संयोगिता सिंह जूदेव ने अलग-अलग नामांकन फार्म खरीदकर जहां सबको चौंकाया था। वहीं नामांकन के दूसरे दिन जैजैपुर विधानसभा सीट के लिए जिला पंचायत सदस्य टेकचंद चन्द्रा ने अनोखे अंदाज में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सबको सन्न कर दिया।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर टक्कर के बाद गैस टैंकर में विस्फोट, 3 लोग गंभीर रूप से घायल



मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर टक्कर के बाद गैस टंकर में विस्फोट, 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मीलस्टोन 85 के पास सुरीर में एक और गैस टैंकर में घुसने के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर विस्फोट हुआ था। आग ने 5 अन्य वाहनों को घेर लिया था, बाद में आग निविदाओं द्वारा नियंत्रण में लाया गया था।

## ठंड ने दी दस्तक, तापमान में गिरावट से स्वास्थ्य पर असर

महासमुंद (आरएनएस)। तापमान कम होने के साथ ठंड ने दस्तक दे दी है। रात होते ही ठंड का अहसास होने लगता है। न्यूनतम तापमान में कमी आई है। मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। शहर का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। आगामी दिनों तापमान और कम होने की संभावना है। तापमान कम होने से लोग गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे हैं। बाजार में भी गर्म कपड़ों की दुकानें सजने लग गई है। रात में ठंड की वजह से लोग अपने घरों में दुबकने लगे हैं।



मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। अब न्यूनतम तापमान में कमी आएगी। हवाओं की दिशा में परिवर्तन हुआ है। अब उत्तर पूर्वी हवा चल रही है। पहले दक्षिण पश्चिम की ओर से हवा चल रही थी। मानसून के विदा होते ही ठंड का एहसास हो रहा है। धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगी और तापमान में गिरावट आएगी। ठंड की दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। धीरे-धीरे मौसम में परिवर्तन हो रहा है। इसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी के मरीज बढ़ने लगे हैं।

## कांग्रेस की तीसरी सूची जारी 37 प्रत्याशियों की घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने आज अपनी तीसरी सूची जारी की जिसमें उन्होंने 37 प्रत्याशियों की घोषणा की है।





37 विधानसभा की सूची के अनुसार, मनेन्द्रगढ़ से डॉ. विनय जायसवाल, प्रेमनगर से खेलसाय सिंह,भटगांव से पारस नाथ राजवाड़े, प्रतापपुर(एसटी) से प्रेमसाय सिंह टेकाम, रामानुजगंज से बृहस्पति सिंह, अम्बिकापुर से टी एस सिंहदेव, सीतापुर से अमरजीत भगत, जशपुर से विनय कुमार भगत, कुनकुरी से उत्तमदान मिंज, पत्थलगांव से रामपुकार सिंह, सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी जांगड़े, खरसिया से उमेश पटेल, धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, रामपुर से श्यामलाल कंवर, कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, मरवाही से गुलाब सिंह राज, लोरमी से शत्रुघ्न लाल चंद्राकर, मुंगेली से राकेश पात्रे, मस्तूरी से दिलीप लहरिया, अकलतरा से चुन्नीलाल साहू, सक्ती से चरणदास महंत, चंद्रपुर से राम कुमार यादव, कसडोल से श्रीमती शकुंतला साहू, भाटापारा से सुनील माहेश्वरी, रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, आरंग से डॉ. शिव कुमार डहरिया, अभनपुर से धनेन्द्र साहू, राजिम से अमितेष शुक्ल, बिन्द्रानवागढ़ से संजय नेताम, पाटन से भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण से प्रतिमा चंद्राकर, दुर्ग शहर से अरूण वोरा, भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव, अहिवारा से गुरू रूद्रकुमार, साजा से रविन्द्र चौबे, कवर्धा से मो.अकबर का नाम शामिल है।

## बॉलीवुड में वापसी करने जा रही हैं ऐक्ट्रेस सेलिना जेटली

फॉर्मर ब्यूटी क्वीन और ऐक्ट्रेस सेलिना जेटली एक बार फिर बॉलिवुड फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि 7 सालों बाद सेलिना, राम कमल मुखर्जी की हिंदी फिल्म अ ट्रिब्यूट टू रितोपर्णो घोष: सीसंस ग्रीटिंग्स में नजर आएंगी। यह फिल्म मां-बेटी के रिश्ते पर आधारित होगी जिसमें सेलिना बेटी के रोल में दिखाई देंगी। सेलिना के साथ मां के रोल में मशहूर ऐक्ट्रेस लिलेट दुबे नजर आएंगी।



इस फिल्म से अजहर खान भी लीड रोल में बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित है क्योंकि वह रितुपर्णो घोष से काफी प्रभावित रहे हैं। सेलिना ने भी कहा कि पिछले 18 सालों से रितुपर्णो एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए आंदोलन चला रहे थे जिसके कारण इस फिल्म में काम करना मेरी खुशनसीबी होगी।

## आधुनिक जीवन के तौर-तरीकों से बस्तर में भी पसर रहा किडनी का रोग

जगदलपुर (आरएनएस)। किडनी के रोगों के प्रति बस्तर की लोगों में कोई जागरूकता नहीं है जिसके कारण बस्तर में क्रानिक किडनी रोग या सीकेडी का प्रसार बढ़ रहा है और उन्होंने भी अपने मरीजों की जांच में किडनी के मरीजों की संख्या अधिक देखकर पाया है। स्थानीय आंध्र समाज द्वारा आयोजित किये गये निशुल्क चिकित्सा शिविर में विशाखापटनम से आये किडनी रोग विशेषज्ञ नेफ्रोलाजिस्ट डॉ. कल्याण चक्रवर्ती ने बताया। इस शिविर में करीब 500 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयोजन शहर के बालाजी मंदिर के कल्याण मंडपम में हुआ।

इस संबंध में डॉ. चक्रवर्ती ने यह स्पष्ट किया कि किडनी के दोष, मधुमेह सहित हाई ब्लड प्रेशर से कई लोगों को अपना जीवन समय से पहले गवाना पड़ रहा है। थोड़ी से जागरूकता से इन रोगों से बचा जा सकता है। आधुनिक जीवन शैली में अपनी पुरानी संस्कृती के जीवन जीने का तरीकों का समावेश कर इन रोगों से बचा जा सकता है।

## ये तकनीक हार्ट अटैक आने से पहली ही आपको दे देगी चेतावनी

वर्तमान में हार्ट अटैक हर किसी को आने लग गये है। पहले तो बहुत ही उम्रदराज लोगों को आते थे लेकिन इस जमाने में हर किसी को हार्ट अटैक आते हैं। इसकी खास बात तो ये है कि ये बहुत ही अचानक से आता है जिससे की ईसान को इसके बारे में संभलने का मौका भी नहीं मिलता है। इसी कारण से लोग मर जाते हैं। इस बिमारी के बारे में जानने के लिए शोधकर्ता निरंतर प्रयास में जुटे हुए हैं। वैज्ञानिक इसके बारे में पहले से ही पता लगाने के लिए ऐसी तकनीक बनाने की कोशिश कर रहे है जो इसके बारे में आपको जानकारी दे दे।



शोधकर्ताओं ने बताया कि इस तकनीक की मदद से हार्ट अटैक कम से कम कुछ समय पहले ही मरीज को सावधान कर दिया जायेगा।जिससे की उसे खुद को बचाने का मौका मिल जायेगा। इसी कड़ी में शोधकर्ताओं ने मेडीकल बायो सैंसर तैयार किया गया है जो मरीज को हार्ट अटैक आने से पांच मिनट पहले ही चेतावनी देने में सक्षम होगा। शोधकर्ता इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मरीज को दिल का दौरा पड़ने के कुछ देर पहले ही संकेत मिल जाएंगे, जिससे उसको संभलने का मौका मिल जायेगा ओर वो खुद की जान बचाने में सक्षम हो पायेगा। इन संसरों के बारे में वैज्ञानिक बताते है कि दिल के दौरे से जुड़े हुए लक्षणों की पहचान करके तुरंत चेतावनी देता है। आपको बता दे कि यह काफी क्रांतिकारी आविष्कार माना जा रहा है। जानकारी दे दे कि ये तकनीक ताइवान के नैशनल त्सिंग हुआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है।

## बाल शोषण को गंभीरता से नहीं लेते भारतीय पुरुष : श्वेता पंडित

संगीतकार अनु मलिक पर सेक्शुअल हैरसमेंट का आरोप लगाने वाली सिंगर श्वेता पंडित का कहना है कि भारतीय पुरुष बाल शोषण को गंभीरता से नहीं लेते हैं। पंडित ने ट्वीट कर कहा, ट्विटर पर मौजूद सभी युवा जो अभी लगातार यह पूछ रहे हैं कि आगे क्या हुआ, मेरे ट्वीट के कुछ दिनों के बाद भूल जाएंगे कि मैंने इस बात को 17 साल अपने सीने में दबा कर रखा था।



हम ऐसे देश में रहते हैं जहां बेवकूफी भरी बातों के लिए सिर्फ महिलाओं से ही लगातार सवाल किया जाता है। हम ऐसे बेवकूफी भरे सवाल अब और नहीं चाहते हैं।